आकाशवाणी शिमला

08.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500 बजे

## मुद्रा योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को ऋण सुविधा उपलब्ध हो और वह विश्वास के साथ आगे बढ़ सके। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर आज सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना के लाभार्थियों में से पचास प्रतिशत अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के समुदायों से हैं। इस बीच प्रधानमंत्री ने आज इस योजना के लाभार्थियों के साथ अपने निवास पर बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना ने असंख्य लोगों को अपने उद्यमिता कौशल दिखाने के अवसर उपलब्ध कराए हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि मुद्रा योजना के आधे लाभार्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और ओबीसी समुदायों से आते हैं और इसमें 70 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं।

लाभार्थियों के साथ बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना देश के युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने का साहस देने के इरादे से शुरू की गई।

उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, उन्हें विश्वास व आत्मविश्वास से भरना तथा रोजगार मांगने वालों के बजाय रोजगार देने वाले बनने की क्षमता प्रदान करना है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सूक्ष्म और छोटे उद्यमों को 20 लाख रुपये तक का ऋण बिना गारंटी प्रदान करती है। पिछले दस वर्षों में इस योजना के तहत 52 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी राशि लगभग 33 लाख करोड़ रुपये है।

## धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार दृष्टिहीन संघ की मांगों को लेकर गंभीर है और कई बार इसको लेकर बैठकें भी हुई हैं। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि दृष्टिहीन संघ की मांगे जायज हैं लेकिन एक दिन में सभी मांगे पूरा करना सम्भव नहीं है। शांडिल ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से दृष्टिबाधितों को नौकरियां दी जा रही हैं और अन्य मांगों को लेकर भी सरकार मंथन कर रही है। इस बीच दृष्टिहीन संघ पिछले डेढ़ वर्ष से अधिक समय से शिमला में धरने पर बैठा है और बैकलॉग भर्तियों के साथ उनकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढौतरी की मांग कर रहा है।

## बिन्दल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिन्दल ने आज ऊना और हरोली विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण शिविरों की अध्यक्षता की। इससे पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सक्रिय पार्टी कार्यकर्ताओं की विधानसभा क्षेत्रवार बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि उन्हें पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों से परिचित कराया जा सके। राजीव बिन्दल ने कहा कि कुछ महीने पहले, राज्य में चलाए गए नए सदस्यता अभियान के दौरान 18 लाख साधारण सदस्य और 27 हजार सक्रिय कार्यकर्ता बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सक्रिय सदस्य, भाजपा के इतिहास और विकास के साथ–साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र के विकास और जन कल्याण कार्यों के लिए विजन और उपलब्धियों को अच्छे से जान सके।

राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश में पार्टी संगठनों को 68 मंडलों में से बढ़ाकर एक सौ 74 मंडलों तक कर दिया गया है।

———————————————